Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 28-11-2006

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

an>

Title: Need to streamline the power supply in Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर):उपाध्यक्ष महोदय, राजस्थान में इस समय बिजली का भयंकर संकट चल रहा है। शहर में ि वद्युत सप्लाई में चार-चार घण्टे की कटौती की जा रही है। राजस्थान का प्रत्येक उद्योगपति और किसान बिजली की कटौती से परेशान है। जहां से बिजली की सप्लाई होती है, वहां खराबी आ जाती है, जिसके कारण यह संकट और भी बढ़ गया है। बिजली की कटौती से पेयजल सप्लाई में बाधा आ रही है।

महोदय, 10.05.84 के समझौते के अनुसार विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं जैसे आनन्दसाहिब जल विद्युत परियोजना, मुकेरियां घन जल विद्युत परियोजना, थीन बांध जल विद्युत परियोजना, यूबीडीसी चरण विद्युत परियोजना और शाहपुर कण्डी जल विद्युत परियोजना को सुप्रीम कोर्ट को रेफर किय जाना चाहिए और राजस्थान को उसके हिस्से की बिजली मिलनी चाहिए। इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जिन राज्यों से राजस्थान को विद्युत का हिस्सा मिला हुआ है, उनसे बिजली की सप्लाई करवायी जाए ताकि राजस्थान के निवासियों, उद्योगपतियों और किसानों को राहत मिल सके।[r36]